प्रभात खबर

# ब्रांडेड कंपनियों का लाखों का नकली कॉस्मेटिक बरामद




मसौढ़ी. ब्रांडेड कंपनियों का रैपर लगाकर नकली कॉस्मेटिक प्रोडक्ट को मार्केट में सप्लाइ करने के मामले में पुलिस ने गुरुवार को धनरूआ के विरंची बरनी रोड स्थित एक मार्केट में छापेमारी की जहां से भारी मात्रा में नकली फेसवाश, सैंपू , फेवीक्विक समेत अन्य कॉस्मेटिक प्रोडक्ट बरामद हुए हैं. इस बाबत आरोपी दुकानदार संपतचक के बैरिया बाजार निवासी कमलेश यादव के खिलाफ धनरूआ थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है. इस बाबत ब्रांड प्रोटेक्शन सर्विसेज कंपनी के अधिकारी मो मजाज अहमद ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि धनरूआ के विरंची स्थित बरनी रोड में कमलेश मार्केट में दुकानदार कमलेश यादव द्वारा उनकी क्लाईंट कंपनी का नकली प्रोडक्ट अवैध तरीके से स्टॉक किया जा रहा है और उसे खुलेआम मार्केट में सप्लाइ की जा रही है. बाद में उन्होंने इसकी सूचना धनरूआ पुलिस को दी और इसके बाद धनरूआ पुलिस के सहयोग से उक्त मार्केट के गोदाम में छापेमारी कर भारी मात्रा में नकली प्रोडक्ट बरामद किये. बरामद सामान के संबंध में बताया गया है कि लाखों का सामान स्टाक किया गया था जिसे बाजार में बेचने की तैयारी थी. इधर पुलिस ने इस मामले में धारा 318 (4) , 63 / 65 कॉपी राइट एक्ट व 103/104 ट्रेड मार्क एक्ट के तहत दुकानदार के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की है.

Source: https://www.prabhatkhabar.com/state/bihar/patna/fake-cosmetics-worth-lakhs-seized